213. निम्नलिखित को सुमेलित की कीजिए:

क्षेत्र	स्थानीय नाम
I. डूंगरपुर,बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ क्षेत्र	a. भौमट
II. डूंगरपुर, पूर्वी सिरोही एवं उदयपुर जिलों का अरावली पर्वतीय क्षेत्र	b. हाड़ौती
III. आबू पर्वत खण्ड	c. बागड़
IV. कोटा, बूंदी एवं बारां क्षेत्र	d. अर्बूद

कूट:

	I	II	III	IV
(a)	d	c	b	a
(b)	c	a	d	b
(c)	c	b	a	d
(d)	d	a	b	c

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : सही सुमेलित है

क्षेत्र		स्थानीय नाम
डूंगरपुर,बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ क्षेत्र	-	बागड़
डूंगरपुर, पूर्वी सिरोही एवं उदयपुर जिलों का अरावली पर्वतीय क्षेत्र	-	भौमट
आबू पर्वत खण्ड	-	अर्बूद
कोटा, बूंदी एवं बारां क्षेत्र	-	हाड़ौती

214. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से कौन सा राजस्थान के ही अपेक्षाकृत अन्य अधिकतम जिलों के साथ अपनी सीमाएँ रखता है?

(a) बीकानेर (b) दौसा
(c) अजमेर (d) चित्तौड़गढ़

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (*) : राजस्थान के अजमेर जिले की सीमा 6 जिलों (पाली, नागौर, जयपुर, टोंक भीलवाड़ा, राजसमंद) से लगी है। बीकानेर की सीमा 6 जिलों (श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, नागौर, जोधपुर व जैसलमेर) से लगा है। दौसा की सीमा 6 जिलों (सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर टोंक, अलवर, जयपुर) से लगा है। चित्तौड़गढ़ की सीमा 6 जिलों (प्रतापगढ़, उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, बूदी एवं कोटा) से लगा है।

215. विश्व में, राजस्थान किस गोलार्द्ध में स्थित है?

(a) उत्तर-पश्चिमी गोलार्द्ध (b) उत्तर- पूर्वी गोलार्द्ध
(c) दक्षिण- पूर्वी गोलार्द्ध (d) दक्षिण- पश्चिमी गोलार्द्ध

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (b) : विश्व में राजस्थान उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है। राजस्थान, भारत के उत्तरी पश्चिमी भाग में 23°30′ उत्तर अक्षांश से 30°12′ उत्तरी अक्षांश तथा 69°30′ पूर्वी देशांतर से 78°17′ पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर से होकर गुजरती है।

216. 'सीफ' है एक-

(a) अनुदैर्ध्य बालुका स्तूप (b) अनुप्रस्थ बालुका स्तूप
(c) अरावली पर्वत में चोटी (d) पैराबोलिक बालुका स्तप

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (a) : सीफ एक अनुर्दर्ध्य बालुका स्तूप है। यह पवनों के समानान्तर लम्बे, गहरे स्तर होते हैं ये सर्वाधिक जैसलमेर में पाये जाते है। बरखान अर्धचन्द्राकर अंडाकर आकृति वाले बालुका स्तूप होते हैं। ये गतिशील एवं विनाशकारी होते हैं। बालुका स्तूप प्रायः अस्थाई एवं परिवर्तनशील होते हैं। आकार एवं स्थिति के अनुसार बालुका स्तूप तीन प्रकार के होते है। (i) अनुदैर्ध्य, (ii) अनुप्रस्थ (iii) पैराबोलिक बालुका स्तूप।

217. निम्नलिलिखत में से कौन-सा पठार माउन्ट आबू पर्वत स्थल से 8 किमी दूर गुरु शिखर चोटी के नीचे स्थित है?

(a) भोराट का पठार (b) मेसा पठार
(c) उड़िया पठार (d) दक्कन पठार

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (c) उड़िया पठार माउन्ट आबू पर्वत स्थल से 8 किमी दूर गुरू शिखर चोटी के नीचे स्थित है। आबू पर्वत से सटा हुआ उडिया पठार आबू से लगभग 160 मीटर उँचा है और गुरू शिखर के मुख्य चोटी के नीचे स्थित है। जेम्स टॉड ने गुरू शिखर को संतो का शिखर कहा है। यह हिमालय और नीलगिरि के बीच सबसे उँची चोटी है।

218. निम्न में से किस जिले को राजस्थान में सर्वाधिक वार्षिक वर्षा प्राप्त होती है?

(a) कोटा (b) सिरोही
(c) बीकानेर (d) प्रतापगढ़

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान सिरोही जिले में स्थित मांउट आबू है जबकि सर्वाधिक वार्षिक वर्षा वाला जिला झालवाड़ है। न्यूनतम वर्षा वाला जिला जैसलमेर है। राजस्थान में जुलाई महीने में सर्वाधिक वर्षा होती है।

219. निम्न में से कौन-सा पाकिस्तान एक जिला राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित नहीं है?

(a) बहावलपुर (b) खैरपुर
(c) मीरपुर (d) लायलपुर

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (*) राजस्थान की सीमा पर पाकिस्तान के 9 जिले स्थित है। जिसमें पंजाब प्रान्त के- बहावलपुर,बहाबल नगर व रहीमयार खान तथा सिंध प्रांत के घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट एवं थारपारकर शामिल हैं। प्रश्नगत विकल्पों में मीरपुर एवं लायरपुर (फैसलाबाद) की सीमा राजस्थान से नहीं मिलती है। मीरपुर पी.ओ.के में स्थित है जबकि मीरपुर खास सिंध प्रान्त में स्थित है तथा फैसलाबाद पंजाब प्रांत (पाकिस्तान) में स्थित है।

220. मालवा पठार किसका विस्तार है?

(a) दक्षिण अरावली (b) हाड़ौती पठार
(c) चम्बल बेसिन पहाड़ियाँ (d) हिमालय का विस्तार

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) मालवा का पठार प्रायद्वीपीय पठार दक्कन के पठार का विस्तार है। मालवा का पठार का उत्तरी भाग हड़ौती का पठार है। यह अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य स्थित तथा लावा से निर्मित पठार है। इसकी उत्तरी सीमा अरावली दक्षिणी सीमा विंध्य, पूर्वी सीमा बुंदेलखंड के पठार तथा पश्चिमी सीमा राजस्थान के मरूस्थल से निर्धारित होती है।